**Periodic Test (25 July 2017)**
**Class - IX**
**Hindi**
**(Set - A)**

**Time: 2hrs.** **MM: 50**

## (भाग-क) अपठित बोध

प्र1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

हम जंग न होने देंगे!
विश्व-शांति के हम साधक हैं, जंग न होने देंगे!
कभी न खेतों में फिर खूनी खाद फलेगी,
खलिहानों में नहीं मौत की फसल खिलेगी
आसमान फिर कभी न अंगारे उगलेगा,
एटम बम से नागासाकी फिर नहीं जलेगी,
युद्धविहीन विश्व का सपना भंग न होने देंगे।
जंग न होने देंगे।
हथियारों के ढेरों पर जिनका है डेरा,
मुँह में शांति, बगल में बम, धोखे का फेरा
कफन बेचने वालों से कह दो चिल्लाकर
दुनिया जान गई है उनका असली चेहरा
कामयाब हो उनकी चालें, ढंग न होने देंगे।
जंग न होने देंगे।

हमें चाहिए शांति, जिंदगी हमको प्यारी
हमें चाहिए शांति, सृजन की है तैयारी
हमने छेड़ी जंग भूख से, बीमारी से
आगे आकर हाथ बटाए दुनिया सारी।
हरी-भरी धरती को खूनी रंग न लेने देंगे।
जंग न होने देंगे।
भारत-पाकिस्तान पड़ोसी, साथ-साथ रहना है,
प्यार करें या वार करें, दोनों को ही सहना है,
तीन बार लड़ चुके लड़ाई, कितना महँगा सौदा,
रूसी बम हो या अमेरिकी, खून एक बहना है।
जो हम पर गुजरी बच्चों के संग न होने देंगे।
जंग न होने देंगे।

क) विश्वशांति के लिए क्या आवश्यक है?
ख) 'कफन बेचने वाले' का क्या कार्य है? कविता के अनुसार लिखो।
ग) कवि किससे जंग छेड़ने की बात करता है?
घ) कवि किन देशों के एक होने की बात कह रहा है?
ङ) अंत में कवि क्या प्रार्थना करता है?
च) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखो।

## (भाग-ख) व्याकरण

**प्र2. निर्देशानुसार करें:**

1) **अनुनासिक का प्रयोग करके लिखें:** इसान, कबल (1)

2) **अनुस्वार का प्रयोग करके लिखें:** कठिनाइया, यहा-वहा (1)

3) **नुक्ता का प्रयोग करके लिखें :** मरीज, फनकार (1)

4) **वर्ण विच्छे करें:** विज्ञापित, स्वास्थ्य (2)

5) **उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग-अलग करें:** लाजवाब, बेगुनाह (2)

6) **प्रत्यय 'ई' का प्रयोग करके दो शब्द बनाओ।** (1)

7) **संधि करो:** वेद+अंत, राजा+इंद्र, सिंधू+ऊर्मि, महा+ऋषि (2)

8) **संधि विच्छेद करो:** गिरीश, हितोपदेश (2)

9) **विराम चिह्न का प्रयोग करके लिखें:**

- वीरेंद्र तुम यहीं ठहरो (1)
- लाला जी ने कहा अरे भाई उनके लिए जिए मरे का कोई मतलब नहीं(2)

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

**प्र3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

क) गोधूलि को गाँव की संपत्ति क्यों कहा गया है? (1)

ख) बुढ़िया के परिवार में कौन-कौन था? (1)

ग) कवि रहीम के अनुसार विपत्ति में हमारा सहायक कौन हो सकता है? (1)

घ) सुई और तलवार के उदाहरण द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहता है? (2)

ङ) लेखक भगवाना की माँ की सहायता करना चाहते हुए भी क्यों न कर सका? 'दुःख का अधिकार' पाठ के अधार पर लिखें। (2)

च) किसान के हाथ-मुँह पर छाई हुई धूल हमारी सभ्यता से क्या कहती है?(2)

**प्र4. किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तारपूर्वक दें:** (5)

'अंधविश्वास के कारण भगवाना की तरह अनेक लोगों की असमय मृत्यु हो जाती है' इस कथन के संदर्भ में अंधविश्वास के प्रति अपना दृष्टिकोण व्यक्त करें।

**अथवा**

धूल के नन्हें कणों के वर्णन के माध्यम से देशप्रेम का पाठ पढ़ाने की कोशिश की गई है। स्पष्ट कीजिए।

**प्र5.** गिल्लू लेखिका को किस परिस्थिति में मिला था? लेखिका ने उसका उपचार किस संवेदनशीलता के साथ किया? (5)

## (भाग-घ) लेखन

**प्र6.** अस्पताल में दाखिल हुए अपने किसी दुर्घटनाग्रस्त मित्र/सखी को सांत्वना देते हुए पत्र लिखिए। (5)

**प्र7.** एक कोचिंग संस्थान द्वारा मेडिकल की तैयारी कराने से संबंधित एक विज्ञापन लिखिए। (5)

**Periodic Test (25 July 2017)**
**Class - IX**
**Hindi**
**(Set - B)**

**Time: 2hrs.** **MM: 50**

## (भाग-क) अपठित बोध

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

मन समर्पित तन समर्पित,
और यह जीवन समर्पित,
चाहता हूँ देश की धरती,
तुझे कुछ और भी दूँ।
माँ तुम्हारा ऋण बहुत है, मैं अंकिचन,
किंतु इतना कर रहा फिर भी निवेदन
थाल में लाऊँ सजाकर भाल जब भी,
कर दया स्वीकार लेना समर्पण,
गान अर्पित, प्राण अर्पित,
रक्त का कण-कण समर्पित,
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।
कर रहा आराधना मैं आज तेरी,
एक विनती तो करो स्वीकार मेरी,
भाल पर मल दो चरण की धूल थोड़ी,
शीश पर आशीष की छाया घनेरी,
स्वप्न अर्पित, प्रश्न अर्पित
आयु का क्षण-क्षण समर्पित
चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।

क) कवि स्वदेश को क्या-क्या समर्पित कर चुका है?
ख) कवि थाल में रखकर मातृभूमि को क्या भेंट देना चाहता है?
ग) कवि मातृभूमि से क्या विनती करता है?
घ) मातृभूमि का मनुष्य पर क्या ऋण है?
ङ) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
च) कावयांश में आए तुकांत शब्द लिखिए।

## (भाग-ख) व्याकरण

**प्र2. निर्देशानुसार करें:**

1) **अनुनासिक का प्रयोग करके लिखें:** कुवारा, आगन (1)

2) **अनुस्वार का प्रयोग करके लिखें:** कपन, दश (1)

3) **नुक्ता का प्रयोग करके लिखें :** जरूरत, फरियाद (1)

4) **वर्ण विच्छे करें:** गृहस्थ, विचित्र (2)

5) **प्रत्यय तथा मूल शब्द अलग-अलग करें:** पुजारिन, धनवान (2)

6) **उपसर्ग 'प्र' का प्रयोग करके दो शब्द बनाओ।** (1)

7) **संधि करो:** पर+अधीन, परि+ईक्षा, शुभ+इच्छा, सप्त+ऋषि (2)

8) **संधि विच्छेद करो:** यथेष्ट, कवीच्छा (2)

9) **विराम चिह्न का प्रयोग करके लिखें:**

- शिक्षक ने छात्र से कहा तुम्हें प्रेमचंद की लिखी नमक का दारोगा कहानी अवश्य पढ़नी चाहिए (2)

- अरे तुम दिल्ली जाओगे (2)

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

**प्र3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

क) पाठ 'धूल' में काँच और हीरे की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं? (1)

ख) सूतक क्या होता है? 'दुःख का अधिकार' पाठ के अधार पर बताइए। (1)

ग) नट किस कला में सिद्ध होने पर ऊपर चढ़ जाता है? (1)

घ) रहीम ने पशु से भी अधिक तुच्छ किसे माना है और क्यों? (2)

ङ) गरीब महिला सभ्रांत महिला जैसा दुख क्यों न मना सकी? (2)

च) ग्रामीण परिवेश में प्रकृति धूल के कौन से सुंदर चित्र प्रस्तत करती है? (2)

**प्र4. किसी एक प्रश्न का उत्तर विस्तारपूर्वक दें:** (5)

रहीम के दोहे में प्रेम संबंधों में तनाव और टूटन न आने देने की सलाह क्यों दी गई है? क्या आप ऐसा सोचते है कि एक बार गाँठ पड़ जाने पर रिश्ते सामान्य नहीं रहते?

**अथवा**

'पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए' किसी मरणासन व्यक्ति के जीवन की रक्षा करने में भी हमारा समाज अपनी परंपराओं से नहीं डिगता, क्या आप इसे उचित मानते है? अपने विचार लिखें।

**प्र5.** 'गिल्लू' कहानी हमारे स्वभाव में जीव-प्रेम को किस प्रकार विकसित करती है? (5)

## (भाग-घ) लेखन

**प्र6.** छात्रावास में रह रहे छोटे भाई के द्वारा की गई मोबाइल फोन की माँग पर अभी इसका उपयोग न करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए। (5)

**प्र7.** 'समर कैंप' की विशेषताओं एवं मुख्य आकर्षण को स्पष्ट करते हुए लोगों को उसमें भाग लेने के लिए आंमत्रित करने हेतु एक विज्ञापन लिखिए। (5)